तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 21 नवंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

13 नगपुरा में शिवमहापुराण कथा स्थल का हुआ विधि-विधान से ...



14 बेरला से बेमेतरा मुख्य सड़क का पेचवर्क...



## खबर संक्षेप

### गरीब परिवार का मवेशियों ने तोड़ा घर समाजसेवी संस्था ने दी सहयोग राशि



**बेमेतरा।** समीपस्थ ग्राम ढोलिया में गरीब परिवार के झोपड़ीनुमा घर को मवेशियों द्वारा तोड़ दिया गया। इससे गरीब परिवार के समक्ष निवास की समस्या खड़ी हो गई है। प्रयास अ स्माल स्टेप समाज सेवी संस्था के सदस्यों ने जन सहयोग से उक्त परिवार को घर की मरम्मत एवं आवश्यक सामग्री क्रय करने दस हजार रुपए की तात्कालिक सहायता राशि का चेक प्रदान कर संवेदना प्रकट की। उक्त पीड़ित परिवार के मुखिया विजेंद्र साहू ने बताया कि उनकी पत्नी केवरी बाई को मातृ वंदन योजना का लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है और न ही प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत उनके लिए आवास स्वीकृत हुआ है। वे अपने 2 छोटी बेटियों के साथ किसी तरह टूटे फूटे कच्ची झोपड़ी में अपना जीवनयापन कर रहे हैं। उन्होंने इस सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया।

### गाड़ी बीमा कराने के नाम पर धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार

**बेमेतरा।** पुलिस ने अवैध गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई जारी रखते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने प्रार्थी के वाहन का बीमा करने के नाम पर धोखाधड़ी की थी।



पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रार्थी दीपक तिवारी निवासी बेमेतरा ने रिपोर्ट दर्ज कार्य की आरोपी ने प्रार्थी के वाहन का बीमा करने के नाम पर 10 हजार भुगतान लेने के बावजूद बीमा नहीं किया। प्रार्थी ने अपनी शिकायत में बताया कि 7 नवंबर को दोपहर 12 बजे डिगेश्वर ऊर्फ डब्बू वर्मा निवासी रायपुर ने आवेदक के वाहन कार क्रमांक सी जी 25 डी 3200 का बीमा करने के नाम पर आवेदक के कर्मचारी से 5000-5000 रूपए करके दो बार में कुल 10 हजार फोन पे के माध्यम से आनलाईन प्राप्त किया है, इसके पश्चात अनावेदक डिगेश्वर ऊर्फ डब्बू वर्मा द्वारा आवेदक के वाहन का बीमा नहीं कराया गया और न ही आवेदक के रूपए को वापस किया। पुलिस ने शिकायत पर जांच की अपराध घटित होने पर थाना बेमेतरा में आरोपी के विरूद्ध धारा 318(4) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध करते हुए आरोपी डिगेश्वर ऊर्फ डब्बू वर्मा पिता मुरली राम वर्मा 30 वर्ष, निवासी दलदल सिवनी थाना मोवा रायपुर को गिरफ्तार कर 10 हजार रुपये नगदी और 8 हजार कीमत का मोबाइल शेष पेज 13 पर

# धान का अवैध परिवहन को रोकने जिले की सीमा में बने चेक पोस्ट

हरिभूमि न्यूज बेमेतरा/थान खम्हरिया

अंतराज्यीय तथा अन्तर जिला धान परिवहन को लेकर प्रशासन की शक्ति दिख रही है। किसी भी प्रकार की अवैध धान परिवहन को रोकने कबीरधाम जिले की सीमा पैलपार में चेक पोस्ट बनाया गया है, जहां पटवारी, पंचायत सचिव व कोटवार की 24 घंटे तैनाती की गई है।

बेमेतरा जिले के सीमावर्ती नगर थान खम्हरिया सहित अन्य ग्रामों से कबीरधाम जिले की गौरमाटी व रणवीरपुर धान खरीदी केन्द्र में किसन विक्रय करते हैं उसकी भी सतत निगरानी की जाती है। प्रति वर्ष समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के समय सीमा पर चेक पोस्ट के माध्यम से अवैध धान परिवहन रोकने प्रशासन की ओर से यह उपाय किया जाता है।

गौरतलब है कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 का लिए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 15 नवंबर से प्रारंभ हो चुकी है। प्रदेश में इस वर्ष कमजोर वर्षा के चलते धान की उत्पाद में कमी दिख रही है, जिसे लेकर शासन प्रसाशन ने अंतराज्यीय अवैध परिवहन की आशंका के मद्देनज़र सतत निकरानी भी कर रही है। मंगलवार को राजस्व, खाद्य व मंडी विभाग के अधिकारियों ने थान खम्हरिया के अनाज अढतियों के गोदामों छापा मारकर धान की स्टाक का निरीक्षण कर कुछ व्यपारी के गोदाम से धान जब्ती की कार्रवाई भी की है।

## 24 घंटे निगरानी के लिए पटवारी, पंचायत सचिव और कोटवार तैनात




### उत्पादन कम होने की आशंका

इस वर्ष धान में कम उत्पादन को लेकर किसान भी चिंतित है प्रति एकड़ 17 से 18 क्विंटल ही धान की उत्पाद ने की संभावना है, जबकि शासन की ओर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल प्रति एकड़ खरीदी की जानी है। उक्त परिस्थिति में किसानों को बाहर से धान खरीदकर समर्थन मूल्य पर धान बेचना मजबूरी होगा। खबर यह भी है कि धान की अवैध बिक्री व परिवहन को लेकर अनाज व्यापारी भी जुगत में लग गये हैं धान खपाकर अधिक राशि कमाने धान की अफरा तफरी को रोकने ही इस बार प्रशासन सख्त है।बेमेतरा जिले का सबसे बड़ा अनाज व्यापारीक केन्द्र था खम्हरिया में प्रशासनिक अधिकारियों की निगरानी धान खरीदी 31 जनवरी तक रहने वाली है।

## सियासत

### पोषण, राजेश महामंत्री, अंजू, प्रणीश को मिला उपाध्यक्ष का जिम्मा, दीपक मीडिया प्रभारी

# जिला भाजपा की कार्यकारिणी घोषित नई टीम में मंत्री दयालदास का दबदबा

हरिभूमि न्यूज बेमेतरा

लंबे इंतेजार के बाद आखिरकार जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू ने अपनी नई टीम की घोषणा कर दी है। जिला भाजपा की कार्यकारिणी में प्रमुख पद में शामिल महामंत्री के लिए पोषण वर्मा, राजेश ठाकुर और उपाध्यक्ष के तौर में प्रमुख चेहरे पर जिला पंचायत सदस्य अंजू बघेल, प्रणीश रजक पर मुहर लगा दी गई है। वहीं दीपक मोटवानी को पार्टी ने मीडिया प्रभारी व रोहित माहेश्वरी प्रवक्ता बनाया। हालांकि घोषित जिला कार्यकारिणी में दो महामंत्री, 5 उपाध्यक्ष, 5 मंत्री सहित 18 पदाधिकारी की घोषणा की गई है। उल्लेखनीय है कि पिछले कई महीने से भाजपा की कार्यकारिणी को लेकर पार्टी स्तर पर मंथन चल रहा था।

महामंत्री और कोषाध्यक्ष के पद को लेकर सर्वाधिक दावेदार सामने आए। वहीं अपने नाम को फाइनल कराने के लिए लॉबिंग भी की गई, इसकी वजह से सूची जारी होने में देरी भी होते रही, लेकिन अंतत भाजपा ने अपनी कार्यकारिणी जारी कर दी है। पार्टी की इस नई टीम को लेकर जितनी चर्चा पदों की नहीं है, उससे कहीं अधिक चर्चा इसके निर्माता की है। जिले की राजनीतिक बातचीत में एक ही सवाल उठ रहा है। सूची के हिसाब से भाजपा का पूरा संगठन अब मंत्री दयाल दास बघेल के इर्दगिर्द हो गया है। सूची में सबसे ज़्यादा सुर्खियां उस नियुक्ति ने बटोरी, जिसकी चर्चा पहले से थी मंत्री के पुत्र अंजू बघेल को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया। राजनीतिक विश्लेषक इसे महज़ पद नहीं, बल्कि जिला से लेकर प्रदेश संगठन में मंत्री बघेल की बढ़ती पकड़ का बड़ा संकेत मान रहे हैं। पार्टी के भीतर भी माना जा रहा है कि यह कदम आने वाले समय की राजनीतिक दिशा को तय करने वाला साबित हो सकता है।



### सामाजिक संतुलन साधने की कोशिश, पर ब्राह्मण चेहरा गायब

सूची में ठाकुर, साहू, यादव, कलार, रजक, अल्पसंख्यक, वर्मा, लोधी और एससी समाज को प्रतिनिधित्व दिया गया है, लेकिन एक भी ब्राह्मण नेता नहीं जबकि जिला गठन के बाद से अधिकतर समय ब्राह्मण समाज ही जिलाध्यक्ष एवं संगठन के प्रमुख पद पर रहा है। इस बदलाव को राजनीतिक जानकार मंत्री बघेल की नई सामाजिक इंजीनियरिंग के रूप में देख रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि नई सूची ने बेमेतरा भाजपा की शक्ति संरचना बदल दी है। दर्जनभर करीबियों की मौजूदगी से लेकर पुत्र की नियुक्ति तक, हर बिंदु पर मंत्री बघेल की पकड़ साफ दिखती है। पार्टी के भीतर चर्चा है बेमेतरा भाजपा का असली कमान अब बघेल कैंप के हाथों में है।

### भाजपा को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी

भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। इस नई कार्यकारिणी की टीम संगठन को मजबूत बनाते हुए समाज के अतिम पक्ति के व्यक्ति तक पार्टी की योजनाओं और विचारधारा ने नवगठित को पहुँचाने का कार्य करेगी। प्रदेश नेतृत्व ने कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह टीम बेमेतरा जिले में भाजपा को नई ऊँचाइयों पर ले जाएगी।

### जिले के कार्यकर्ताओं में उत्साह, जिला मुख्यालय के नेताओं में रही उदासी

इधर सूची जारी होते ही जिले के कार्यकर्ताओं में उत्साह और हर्ष का वातावरण निर्मित हो गया। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता देर देर रात तक नवयुक्ति पदाधिकारियों को बधाई देने जुटे रहे। वहीं कई कार्यकर्ता व्यक्तिगत रूप से भी मिलकर पदाधिकारियों को बधाई दी। परंतु जिला मुख्यालय में जारी सूची पर कई प्रभावशाली नेताओं के चेहरे पर उदासी बनी रही । अब निगाहें इस बात पर हैं कि यह नई टीम जिले की राजनीति में क्या बदलाव लाती है? क्या मंत्री बघेल का संगठनात्मक प्रभाव चुनावी रणनीतियों में भी बदल जाएगा? और क्या जिले की राजनीति अब मंत्री केंद्रित दौर में प्रवेश कर चुकी है?

### मंत्री कैंप का जलवा : करीबियों की एंट्री से संगठन हुआ एक तरफा

नई सूची में मंत्री बघेल के विश्वसनीय चेहरे सबसे आगे दिखे। उपाध्यक्ष प्राणीश रजक, राजेश जैन, अंजू बघेल, कोषाध्यक्ष तानसेन पटेल, मंत्री मनीष जायसवाल, आरती जांगड़े, सरोजनी यादव, अमोला पटेल, सरोज यादव, दीपक मोटवानी और रोहित महेश्वरी इन सभी को अहम जिम्मेदारियां मिलीं। पार्टी सूत्र खुलकर कहते हैं, जिस नाम पर मंत्री की सहमति नहीं थी। वह सूची में चढ़ ही नहीं पाया। संगठन के भीतर यह साफ संदेश गया है कि जो पद न विधायक कोटे में गया वह सीधे मंत्री कैंप में चला गया। इनमें सासंद विजय बघेल की भूमिका तटस्थता की रही। सूत्रों के अनुसार बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने अपने करीबी महेश साहू का सुझाव जिला महामंत्री एवं उपाध्यक्ष के तौर पर जोर लगाए थे, परंतु उन्हें उपाध्यक्ष बनाया गया। साजा विधायक ईश्वर साहू से जुड़े नामों को जरूर स्थान मिला, जिनमें जिला महामंत्री के तौर पर राजेश ठाकुर, जिला मंत्री बल्लू साहू, सुरेश सिंघानिया, नविता सिंहा को जिम्मेदारियां मिलीं। लेकिन विधायक सहित कई जिले के प्रभावशाली नेताओं का प्रभाव सीमित दायरे में रहा। सबसे निर्णायक, सबसे प्रभावी और सबसे बड़ा हिस्सा मंत्री कैंप के खाते में गया।

## एसआईआर फॉर्म भरने के दौरान साइबर ठगी से सतर्क रहे मतदाता

हरिभूमि न्यूज बेमेतरा

मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान एस आई आर फॉर्म भरने वाले मतदाताओं एवं नागरिकों के लिए एक अहम सुरक्षा एडवाइजरी जारी की गई है। इसका उद्देश्य नागरिकों को मोबाइल नंबर के दुरुपयोग और बढ़ते ओटीपी आधारित साइबर फ्रॉड से बचाना है। ओटीपी को लेकर न रहें भ्रमित फॉर्म में ओटीपी की कोई जरूरत नहीं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि फॉर्म भरते समय मोबाइल नंबर देना पूरी तरह सुरक्षित है, लेकिन कुछ साइबर अपराधी इसी बहाने नागरिकों से ओटीपी प्राप्त कर ठगी कर सकते हैं। निर्वाचन आयोग ने दोहराया कि बूथ लेवल ऑफिसर न तो ओटीपी मांगते हैं और न ही फॉर्म के लिए किसी ओटीपी की जरूरत होती है। इसलिए कोई भी अधिकारी, कर्मचारी यदि कभी ओटीपी मांगें यह निश्चित रूप से धोखाधड़ी का प्रयास है।

- निर्वाचन आयोग ने ओटीपी धोखाधड़ी को लेकर जारी की चेतावनी

### ओटीपी की जानकारी न दें

यदि कोई व्यक्ति कॉल कर कहे आपके एस आई आर से जुड़े मोबाइल पर जो ओटीपी आया है, वह बता दीजिए तो तुरंत मना कर दें और सीधे बिएलओ या कार्यालय से संपर्क करें कॉलर को स्पष्ट कहे मैं कार्यालय या अपने बीएलओ से ही संपर्क करूंगा। दबाव, धमकी या ज़बरदस्ती की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करें, यदि कोई साझा करने का दबाव बनाए या धमकाए, तो नजदीकी पुलिस थाने में रिपोर्ट करें।

# ग्राम गब्दा के एक दिवसीय जसझांकी लोककला महोत्सव में भाजपा किसान नेता योगेश हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज बेमेतरा/बेरला



जय मां महामाया जस बईहा झांकी परिवार गब्दा द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले जन्मोत्सव महोत्सव के अवसर पर इस वर्ष भी एक दिवसीय जस-झांकी लोक कला महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया।कार्यक्रम में भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जिनका ग्रामवासियों और आयोजक मंडल द्वारा पुष्पहार एवं पारंपरिक सम्मान के साथ स्वागत किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मां महामाया के जयघोष एवं रामधुनी के साथ हुई। पूरे आयोजन में क्षेत्रीय लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुत जसगीत, झांकी और लोकनृत्यों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समस्त ग्रामवासियों ने एकजुट होकर आयोजन को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया, जिससे पूरा कार्यक्रम उत्साह, श्रद्धा और लोकसम्मिलन का प्रतीक बन गया।

मुख्य अतिथि श्री तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा जस-झांकी लोक कला महोत्सव केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारी छत्तीसगढ़ी अस्मिता, परंपरा, आस्था और सामाजिक चेतना का उज्ज्वल दर्पण है। हमारी मिट्टी की खुशबू, हमारी भाषा, हमारी लोकधुनें और हमारी मान्यताएं ये ही हमारी असली पहचान हैं। ऐसे आयोजनों के माध्यम से हम न सिर्फ अपनी सांस्कृतिक धरोहर को सहेजते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी अपनी जड़ों से जुड़े रहने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने आगे कहा गांव, समाज और संस्कृति— ये तीनों मिलकर हमारी जीवन-शैली और हमारी सभ्यता का आधार बनाते हैं। शेष पेज 13 पर

पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित
पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर (छ.ग.) 495006

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में (सत्र 2025-26) में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (C.O.T.) सर्टिफिकेट इन आपरेशन थियेटर टेक्निशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन | (GDA) जनरल ड्यूटी एसिस्टेंट | सर्टिफिकेट इन मेडिकल ड्रेसर | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्निशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| अंबिकापुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| सूरजपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| रायपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| धमतरी | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| सरईपाली | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जगदलपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| बीजापुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कोंडागांव | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कांकेर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |

आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत : अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक | विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है |

नोट :-
1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे | साथ ही 55 रुपये का डाक टिकट लगा हूआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे | (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा |
3. केवल आवेदक ही काउंसलिंग हेतु पात्र होंगे |
4. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है |
5. छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों के समस्त सीटों में प्रवेश हेतु सीधे प्रवेश अवैध / गलत है | अतः विद्यार्थी किसी कंसलटेंट / व्यक्ति / एजेंट जो आपको संस्था में प्रवेश दिलाने का प्रलोभन दें उनके बहकावें में न आएं और कोई भी दस्तावेज न दें, ना ही एडमिशन दिलाने के एवज में कोई भी राशि न दें |

आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :-05.12.2025 तक |
आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-10.12.2025 तक |

आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, ओम प्लाजा, बजरंग चौक, राजकिशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495 006
महोदय,
.......... (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।
1. आवेदक का नाम .......... 2. पिता / पति ..........
3. जन्म तिथि अंकों में .......... 4. वर्ग - अनु. ज. जाति ☐ अनु. जन जाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम .......... पोस्ट .......... तहसील ..........
थाना .......... जिला .......... पिन कोड ☐
मो. नं. 1 .......... मो. नं. 2 .......... वाट्सअप नं. ..........
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ..........
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, NSDC/SDMS केन्द्र क्रमांक 89923 बिलासपुर (छ.ग.)

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
कल के अंक में देखें
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा। भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

# नेशनल हाईवे 30 पर ढाबे में खड़े ट्रक से लाखों के डीजल की चोरी

हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/नवागढ़

ठंड के बढ़ते ही नेशनल हाईवे नंबर 30 पर डीजल चोरों की सक्रियता तेजी से बढ़ गई है। इनके निशाने पर वे ट्रक ड्राइवर होते हैं जो दिनभर की थकान के बाद देर रात ढाबों या सड़क किनारे गाड़ी लगाकर आराम करते हैं। बीती रात संजय बिहारी ढाबा में खड़ी एक ट्रक से लगभग 14,000 रुपये मूल्य का 150 लीटर डीजल चोरी हो गया।

देर रात हुई वारदात घटना कल रात संजय बिहारी ढाबा में हुई। पंजाब के रहने वाले ट्रक चालक जोगंदर सिंह (काल्पनिक नाम) रात लगभग 10:00 बजे खाना खाकर अपनी गाड़ी में सो गए थे।रात लगभग 3:00 बजे, एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो एसयूवी उनके ट्रक के बाजू में आकर लगी। इस एसयूवी पर कोई रजिस्ट्रेशन नंबर नहीं था। गाड़ी से उतरे चोरों ने इतनी तेजी से वारदात को अंजाम दिया कि किसी को भनक तक नहीं लगी।

उन्होंने ट्रक का लॉक तोड़कर पाइप की मदद से मिनटों में डीजल चोरी कर लिया। ढाबा कर्मचारियों के पहुंचने से पहले फरारढाबे के कर्मचारियों को जब कुछ शक हुआ और वे दौड़कर गाड़ी की तरफ बढ़े, तब तक बिना नंबर की स्कॉर्पियो में सवार डीजल चोर तेजी से भाग चुके थे। ट्रक ड्राइवर जोगंदर सिंह ने बताया कि चोर उनकी गाड़ी से लगभग 150 लीटर डीजल चुरा ले गए, जिसकी कीमत लगभग 14,000 रुपये है। ड्राइवर को हलाकान देखकर अन्य ट्रक चालकों और ढाबा संचालक ने मिलकर मानवता दिखाते हुए 50 लीटर शेष पेज 13 पर

